अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी जागरूकता प्रशिक्षण (START) 2024

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने एक अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम, **अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी जागरूकता प्रशिक्षण (START), 2024** की घोषणा की।

- यह **अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एक प्रारंभिक स्तर का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम** है।
- इसके तहत भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले **भौतिक विज्ञान (भौतिकी और रसायन विज्ञान) और प्रौद्योगिकी (जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर विज्ञान, मैकेनिकल) के स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों** को प्रशिक्षण के लिये चयनित होने का अवसर प्रदान किये जाएगा।
- इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य **युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आकर्षित करना है।**



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/space-science-and-technology-awareness-training-start-2024